Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




Thu - 21 May - 2026 | Year - 01 | Issue - 45 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

## आलू उत्पादकों और कोल्ड स्टोरेज संचालकों की समस्याओं के समाधान के लिए आगे आई पंजाब सरकार



चंडीगढ़, 21 मई — पंजाब सरकार राज्य के किसानों की आय बढ़ाने और खेती से जुड़े हर वर्ग की समस्याओं का समाधान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार कृषि और बागवानी क्षेत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से नई योजनाओं और सुविधाओं को तेजी से लागू कर रही है। इसी कड़ी में बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत ने पंजाब भवन, चंडीगढ़ में आलू उत्पादकों और कोल्ड स्टोरेज संचालकों के साथ विशेष बैठक कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया।

बैठक में बागवानी विभाग के अतिरिक्त सचिव लतीफ अहमद और निदेशक मनीष कुमार भी उपस्थित रहे। इस दौरान आलू उत्पादकों और कोल्ड स्टोरेज मालिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। किसानों और संचालकों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आलू की फसल के सुरक्षित भंडारण के लिए कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने तथा उनके रख-रखाव के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे किसानों को राहत मिली है। हालांकि, उन्होंने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संबंधित प्रक्रियाओं और अनुमति संबंधी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की मांग की।

बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत ने सभी प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि पंजाब सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि बुनियादी ढांचा फंड और अन्य सरकारी योजनाओं के माध्यम से कोल्ड स्टोरेज, गोदामों और पैकिंग इकाइयों को मजबूत किया जा रहा है ताकि किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिल सके और फसल खराब होने से बचाई जा सके। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर जाकर आलू उत्पादकों और कोल्ड स्टोरेज संचालकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें तथा उनकी समस्याओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों और कृषि कारोबार से जुड़े लोगों की परेशानियों का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और किसी भी समस्या को लंबित नहीं रहने दिया जाएगा।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने मंत्री को भरोसा दिलाया कि सभी मुद्दों पर तेजी से कार्रवाई की जाएगी और किसानों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे। पंजाब सरकार का मानना है कि कृषि और बागवानी ढांचे को मजबूत बनाकर ही किसानों की आर्थिक स्थिति को बेहतर किया जा सकता है तथा राज्य को कृषि क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है।

## फिरोजपुर में बड़ा ड्रग नेटवर्क बेनकाब, 10 किलो हेरोइन



पंजाब ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारत सरकार के परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) 2.0 2024-25 में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। राज्य को प्रचेष्टा-ग्रेड-1 मिला है। इस उपलब्धि के साथ पंजाब ने केरल, दिल्ली, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि सीखने के परिणाम और गुणवत्ता के क्षेत्र में पंजाब पूरे देश में सबसे आगे रहा है। राज्य ने इस महत्वपूर्ण श्रेणी में 150.4 अंक हासिल किए हैं। इस मूल्यांकन में विद्यार्थियों की भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों में दक्षता को आधार बनाया गया।

उन्होंने कहा कि पंजाब में चल रही शिक्षा क्रांति के कारण सरकारी स्कूल अब पूरे देश के लिए नए मानक स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव किए गए हैं, जिनका सकारात्मक असर अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई दे रहा है।

## शिक्षा में पंजाब बना देश का नंबर-1 राज्य



पंजाब ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारत सरकार के परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) 2.0 2024-25 में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। राज्य को प्रचेष्टा-ग्रेड-1 मिला है। इस उपलब्धि के साथ पंजाब ने केरल, दिल्ली, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि सीखने के परिणाम और गुणवत्ता के क्षेत्र में पंजाब पूरे देश में सबसे आगे रहा है। राज्य ने इस महत्वपूर्ण श्रेणी में 150.4 अंक हासिल किए हैं। इस मूल्यांकन में विद्यार्थियों की भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों में दक्षता को आधार बनाया गया।

उन्होंने कहा कि पंजाब में चल रही शिक्षा क्रांति के कारण सरकारी स्कूल अब पूरे देश के लिए नए मानक स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव किए गए हैं, जिनका सकारात्मक असर अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई दे रहा है।

## मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में पंजाब देश में अव्वल



चंडीगढ़, 21 मई — पंजाब ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े लगभग सभी प्रमुख मानकों में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन किया है। भारत के महापंजीयक कार्यालय द्वारा जारी नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली के आंकड़ों के अनुसार पंजाब ने मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, नवजात मृत्यु दर और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है।

इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि यह सफलता राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने तथा माताओं और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लगातार प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने गांवों से लेकर शहरों तक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान दिया है।




चंडीगढ़, 21 मई — पंजाब ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े लगभग सभी प्रमुख मानकों में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन किया है। भारत के महापंजीयक कार्यालय द्वारा जारी नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली के आंकड़ों के अनुसार पंजाब ने मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, नवजात मृत्यु दर और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है।

इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि यह सफलता राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने तथा माताओं और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लगातार प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने गांवों से लेकर शहरों तक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान दिया है।

## ‘गैंगस्टरां ते वार’ अभियान में पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 552 ठिकानों पर छापेमारी कर 243 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 21 मई — पंजाब को अपराध और गैंगस्टर संस्कृति से मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान ‘गैंगस्टरां ते वार’ के 121वें दिन पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में व्यापक कार्रवाई करते हुए गैंगस्टरों और उनके साथियों के चिन्हित 552 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने 243 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक हथियार भी बरामद किया गया। इसके साथ ही अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 30,964 तक पहुंच गई है।

यह विशेष मुहिम 20 जनवरी 2026 को पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव के नेतृत्व में शुरू की गई थी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य में सक्रिय गैंगस्टरों, उनके नेटवर्क और आपराधिक गतिविधियों पर पूरी तरह लगाम लगाना है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स के समन्वय से पंजाब के सभी जिलों में पुलिस टीमें लगातार अभियान चलाकर गैंगस्टरों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आज की कार्रवाई के दौरान 87 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई, जबकि 14 लोगों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस ने चार भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया, जो लंबे समय से कानून से बचते फिर रहे थे। पुलिस का कहना है कि राज्य में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराधियों में भय पैदा करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

पंजाब पुलिस ने आम लोगों से भी इस मुहिम में सहयोग की अपील की है। पुलिस ने कहा है कि नागरिक एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से गैंगस्टरों, वांछित अपराधियों और आपराधिक गतिविधियों संबंधी जानकारी साझा कर सकते हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

इसी दौरान पंजाब पुलिस ने नशों के खिलाफ चल रहे अभियान ‘युद्ध नशेयां विरुद्ध’ को भी तेज गति से जारी रखा। इस अभियान के 446वें दिन पुलिस ने राज्यभर में कार्रवाई करते हुए 92 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 7.5 किलोग्राम हेरोइन, 500 ग्राम अफीम, लगभग 1 लाख 70 हजार नशीली गोलियां और कैप्सूल तथा 700 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इस अभियान के तहत पिछले 446 दिनों में कुल 65,010 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो पंजाब पुलिस की लगातार सख्त कार्रवाई को दर्शाता है।

पुलिस ने केवल गिरफ्तारी तक ही अपने अभियान को सीमित नहीं रखा, बल्कि नशा मुक्ति और पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 14 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास केंद्रों में उपचार करवाने के लिए प्रेरित किया गया।



# herbegy™

Think pure think herbal

## PREMIUM SPICES RANGE

### Pure Spice. Rich Flavour.




**PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY**

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

**727-515-0015**


Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.